आधिकारिक नियम

विश्व वन्यजीव दिवस अंतरराष्ट्रीय युवा कला प्रतियोगिता

# वन्यजीव संरक्षण वित्त:
# लोगों और पृथ्वी में निवेश

नियम और प्रायोजक

- ये नियम "**आई एफ़ ए डब्ल्यू** विश्व वन्यजीव दिवस अंतरराष्ट्रीय युवा कला प्रतियोगिता" को संचालित करते हैं। यह प्रतियोगिता **इंटरनेशनल फंड फ़ॉर ऐनिमल वेलफ़ेयर**, इंक. ("**आई एफ़ ए डब्ल्यू**") द्वारा कंवेशन और **इंटरनेशनल ट्रेड इन इंडेजर्ड स्पीशीज़ ऑफ़ वाइल्ड फ़ॉना एंड फ़्लोरा** ("**साइट्स**") और **संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम** ("**यू एन डी पी**") के सहयोग से प्रायोजित होती है ("प्रतियोगिता")। अधिक जानकारी के लिए यहाँ देखें: https://www.ifaw.org/wwd-art-contest.
- इस प्रतियोगिता में भाग ले कर, माना जाता है कि प्रतियोगियों (या प्रतियोगी के माता-पिता या अभिभावक) ने इन नियमों को स्वीकार कर लिया है और उनके बाध्य हैं।

कौन भाग ले सकता है

- प्रतियोगिता में प्रवेश की तिथि तक 4 से 18 वर्ष की आयु के किसी भी व्यक्ति के लिए प्रतियोगिता खुली है। जिन प्रतियोगियों की उम्र अभी 18 नहीं हुई है ("नाबालिग प्रतियोगी"), उनके माता-पिता या क़ानूनी अभिभावक को नाबालिग प्रतियोगी की ओर से ऑनलाइन प्रवेश फ़ॉर्म भरना होगा और नियमों और प्रतियोगिता की अन्य शर्तों को स्वीकार करना होगा।
- **आई एफ़ ए डब्ल्यू** (इसके सहयोगी और सहायक संगठनों सहित), **साइट्स**, या **यू एन डी पी** के ट्रस्टी, बोर्ड के सदस्य, कर्मचारी, प्रशिक्षु (इंटर्न) या सहयोगी, और उनके सगे परिवारजन (पति/पत्नी, माता-पिता, बच्चे, भाई-बहन और उनके जीवन-साथी), और घर के सदस्य प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते।
- **आई एफ़ ए डब्ल्यू, साइट्स**, और **यू एन डी पी** किसी भी प्रविष्टि को अस्वीकार करने का अधिकार रखते हैं यदि, उनके विवेकाधिकार में, किसी लागू क्षेत्राधिकार के क़ानून, जिसमें प्रवेश के समय प्रतियोगी के निवास का क्षेत्राधिकार शामिल है, लेकिन यहीं तक सीमित नहीं है। **आई एफ़ ए डब्ल्यू, साइट्स**, और **यू एन डी पी** को प्रतियोगिता को नियत तरह से आगे बढ़ाने पर रोक लगाएगा या सीमित करेगा, या किसी पुरस्कार पर विचार करने या पुरस्कार देने से **आई एफ़ ए डब्ल्यू, साइट्स**, और **यू एन डी पी** पर अतिरिक्त प्रशासनिक, टैक्स रुपी, परिचालन, वित्तीय, या क़ानूनी बोझ डालेगा।
- किसी भी "वर्जित क्षेत्राधिकार" में रहने वाले व्यक्ति प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते हैं। वर्जित क्षेत्राधिकार का मतलब है ऐसा कोई भी देश जो **यूएस ट्रैज़री ऑफ़िस ऑफ़ फॉरेन एसेट्स कंट्रोल** (**ओ एफ़ ए सी**) एक्टिव सैंक्शंस प्रोग्राम्स (सक्रिय प्रतिबंध कार्यक्रम) सूची में शामिल है। यह सूची https://sancAonssearch.ofac.treas.gov/ पर उपलब्ध है।
- इन नियमों के तहत निषिद्ध या अयोग्य होने पर प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें अमान्य माना जाएगा।

भाग कैसे लें

- प्रतियोगिता में भाग लेना नि:शुल्क है।
- प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए, योग्य या एलिजिबल प्रतियोगियों को एक मौलिक कलाकृति बनानी और जमा करनी होगी।
- कलाकृति प्रविष्टियों को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी:
  1. **आई एफ़ ए डब्ल्यू, साइट्स**, और **यू एन डी पी** वर्ष 2025 विश्व वन्यजीव दिवस के लिए पेंटिंग्स और रेखाचित्रों के रूप में उन कलाकृति प्रविष्टियों का स्वागत करता है जो **"वन्यजीव संरक्षण वित्त: लोगों और पृथ्वी में निवेश"** विषय से प्रेरित हैं। इस वर्ष की थीम युवा दिमागों को यह सोचने के लिए प्रोत्साहित करती है कि कैसे मनुष्य नवीन संरक्षण वित्तपोषण के माध्यम से हमारे ग्रह के अविश्वसनीय वन्यजीवों की रक्षा करते हैं और संरक्षित क्षेत्रों और उनके भीतर पाए जाने वाले वन्यजीवों और संसाधनों को सुरक्षित करने के लिए निरंतर वित्त पोषण के महत्व को देखते हैं। यह बच्चों के लिए अपनी कलात्मक प्रतिभा को व्यक्त करते हुए पर्यावरण प्रबंधन के बारे में सीखने का एक शानदार अवसर है। **आई एफ़ ए डब्ल्यू** छात्रों को उन प्रजातियों को चित्रित करने के लिए प्रोत्साहित करता है जो संरक्षण कार्यक्रमों से लाभान्वित होती हैं, जिसमें ग्रह की कई खतरे वाली और लुप्तप्राय प्रजातियां शामिल हैं - जिनमें से कई **आई एफ़ ए डब्ल्यू** अपने कार्यक्रमों के माध्यम से संरक्षित करने के लिए काम करती हैं। कृपया केवल पशु (पशुओं) को ही कलाकृति में दिखाएं, लोगों को नहीं।
  2. सभी कलाकृति प्रविष्टियां मौलिक और मार्कर, क्रेयोन, रंगीन पेंसिल और/या पेंट का इस्तेमाल कर हाथ से बनी होनी चाहिए। तस्वीरें, फ़ोटोकॉपी, छपी हुई या कंप्यूटर-जनित डिज़ाइन वाली कोई भी कलाकृति स्वीकार नहीं की जाएगी।
  3. सभी कलाकृतियां इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से **आई एफ़ ए डब्ल्यू** की वेबसाइट: https://www.ifaw.org/wwd-art-contest. पर जमा करने की अवधि के दौरान जमा होनी चाहिए, जो 8 नवंबर, 2024जीएमटी से ले कर 2 फ़रवरी, 2025 को रात 11:59 जीएमटी तक खुली होगी। मौलिक कलाकृति 8.5 x 11 इंच से ले कर 9 x 12 इंच तक के आकार के काग़ज़ पर उच्च रिज़ोलूशन (300 DPI) में फ़ोटोग्राफ़ या स्कैन होनी चाहिए। केवल डिजिटल तरीके से जमा की गई प्रविष्टियां स्वीकार की जाएँगी।
  4. प्रतियोगिता तक पहुंच को रोकने वाली किसी भी इंटरनेट ख़राबी के लिए आईएफ़एडब्ल्यू जिम्मेदार नहीं होगा।
  5. **आई एफ़ ए डब्ल्यू, साइट्स**, या **यू एन डी पी** को मेल की गई प्रविष्टियां स्वीकार नहीं की जाएँगी।
  6. प्रत्येक प्रतियोगी केवल एक ही कलाकृति जमा करा सकता/सकती है।
  7. एक कलाकृति को 18 वर्ष के एक प्रतियोगी या नाबालिग प्रतियोगी के माता-पिता या अभिभावक द्वारा अपलोड किए जाने पर ही उसे एक पूरी तरह से और सही ढंग से भरा हुआ प्रविष्टि फ़ॉर्म माना जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक प्रविष्टि फ़ॉर्म सबमिशन पेज https://www.ifaw.org/wwd-art-contest पर पाया जा सकता है। सबमिशन अवधि की शुरुआत में सभी नाबालिग प्रतियोगियों के माता-पिता या क़ानूनी अभिभावकों को माता-पिता/अभिभावक संबंध को प्रमाणित करना होगा, प्रविष्टि फ़ॉर्म पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से हस्ताक्षर करना होगा, और नियमों और अन्य प्रतियोगिता शर्तों को स्वीकार करना होगा।
  8. प्रत्येक प्रतियोगी, या नाबालिग प्रतियोगियों के माता-पिता या क़ानूनी अभिभावक स्वीकार करते हैं कि उन्होंने इन नियमों और प्रतियोगिता की अन्य शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और वे इनसे बाध्य होने के लिए सहमत हैं। प्रविष्टि जमा कर के प्रतियोगी या नाबालिग प्रतियोगी के माता-पिता या क़ानूनी अभिभावक गारंटी देते हैं कि प्रविष्टियां इन नियमों और प्रतियोगिता की अन्य शर्तों में निर्धारित सभी निर्दिष्ट ज़रूरतों का पालन करती हैं।
  9. जमा की गई प्रत्येक प्रविष्टि को संबंधित प्रतियोगी की मौलिक कृति से फ़ोटोग्राफ़ या स्कैन किया जाना चाहिए और यह उनकी संपत्ति और बौद्धिक संपदा होनी चाहिए।

10. जमा की गई कलाकृति में कोई ऐसा कंटेन्ट या सामग्री नहीं होना चाहिए जिसमें:

(a) किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी हो;

(b) (जो) किसी व्यक्ति या इकाई के कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, गोपनीयता के अधिकारों, प्रचार, या अन्य बौद्धिक संपदा या अन्य अधिकारों का उल्लंघन करता हो; या

(c) (जो) उत्पीड़न करने वाला, धमकी देने वाला, निंदापूर्ण, भद्दा,अश्लील, अपमानजक, यौन रूप से स्पष्ट, नस्लवादी, या किसी और तरह से आपत्तिजनक, अनुचित, या ग़ैरक़ानूनी हो या माना जा सके।

11. कोई भी प्रविष्टि जिसमें **आई एफ़ ए डब्ल्यू, साइट्स**, या **यू एन डी पी** द्वारा अपने विवेक से निर्धारित ऐसी कोई भी सामग्री शामिल है, उसे प्रतियोगिता से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

<u>फ़ाइनलिस्ट, विजेता, और पुरस्कार :</u>

- विजेता प्रविष्टि का निर्णय **आई एफ़ ए डब्ल्यू, साइट्स**, और **यू एन डी पी** द्वारा अपने विवेकानुसार पहले से चयनित कम-से-कम 6 (छह) जजों का एक पैनल करेगा, और (निर्णय) रचनात्मकता, मौलिकता, विषय से प्रासंगिकता या उपयुक्तता, और इन नियमों और प्रतियोगिता की अन्य शर्तों के अनुपालन पर आधारित होगा। पैनल के निर्णय अंतिम होंगे। किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।
- सबमिशन अवधि ख़त्म होने (2 फ़रवरी, 2025 को रात 11:59 जीएमटी) के बाद, पैनल निम्नलिखित करेगा:

  (a) अधिकाधिक 12 (बारह) फ़ाइनलिस्ट (प्रत्येक, एक "फ़ाइनलिस्ट) चुनेगा। इन 12 फ़ाइनलिस्ट में से, निम्नलिखित आयु समूहों में से प्रत्येक के लिए आयु वर्ग का एक (1) सर्वश्रेष्ठ विजेता चुना जाएगा: 4-6 वर्ष की आयु; 7-10 वर्ष की आयु; 11-14 वर्ष की आयु; और 15-18 वर्ष की आयु ("आयु वर्ग का सर्वश्रेष्ठ विजेता")। इसके अलावा, एक ग्रैंड पुरस्कार विजेता ("ग्रैंड प्राइज विनर") होगा जिसका चयन आयु से परे, आयु वर्ग के सर्वश्रेष्ठ विजेताओं में से किया जाएगा।

  (b) सभी फ़ाइनलिस्ट और टीएमसी के ग्रैंड पुरस्कार विजेता और डीएससीसी के ग्रैंड पुरस्कार विजेताकी कलाकृतियां 3 मार्च, 2025 को विश्व वन्यजीव दिवस के 2025 उत्सव तक आईएफ़एडब्ल्यू की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएँगी। **आई एफ़ ए डब्ल्यू, साइट्स**, और **यू एन डी पी** जमा की गई प्रविष्टियों में से कुछ को चुन कर (बिना किसी सीमा के) कैलेंडर, क्लासरूम पोस्टर, ग्रीटिंग कार्ड इत्यादि जैसे अपने प्रचार और अन्य सामग्री में शामिल कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेकर, प्रत्येक प्रतियोगी **आई एफ़ ए डब्ल्यू, साइट्स**, और **यू एन डी पी**, और उनके संबंधित सहयोगियों को यह अधिकार देता है कि उनके विवेकानुसार, जब संभव और उचित हो, ऐसे उद्देश्यों के संबंध में, वे प्रतियोगी की प्रविष्टि को श्रेय देने के लिए केवल पहला नाम, आयु और/या ग्रेड स्तर (क्लास) इस्तेमाल कर सकते हैं।
- सभी प्रतियोगियों को अपनी प्रविष्टि अपलोड करने पर भागीदारी का सर्टिफ़िकेट मिलेगा।
- ग्रैंड पुरस्कार विजेता, फ़ाइनलिस्ट्स का आयु वर्ग में सर्वश्रेष्ठ के विजेता और ग्रैंड पुरस्कार विजेता, सभी को प्रतियोगिता ("पुरस्कार") में उनके स्थान का उल्लेख करते हुए एक सर्टिफ़िकेट मिलेगा।

- ग्रैंड पुरस्कार विजेताओं को 3 मार्च, 2025 को आधिकारिक विश्व वन्यजीव दिवस समारोह में सम्मान देने के लिए वर्च्युल तरीके से (लाइव या पहले से रिकॉर्डिड) भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है ("ग्रैंड पुरस्कार")। ग्रैंड पुरस्कारों का समन्वय आईएफ़एडब्ल्यू करता है।
- ग्रैंड पुरस्कार विजेता, फ़ाइनलिस्ट्स का आयु वर्ग में सर्वश्रेष्ठ के विजेता और ग्रैंड पुरस्कार विजेता, सभी को ईमेल द्वारा सूचित किया जाएगा जो उनके प्रवेश फ़ॉर्म पर दिए गए पते पर भेजी जाएगी। केवल ग्रैंड पुरस्कार विजेताओं और फ़ाइनल में पहुँचने वाले प्रतियोगियों को प्रतियोगिता के परिणाम के बारे में सूचित किया जाएगा। **आई एफ़ ए डब्ल्यू** प्रतियोगिता के अंत में प्रवेश फ़ॉर्म पर दी गई संपर्क जानकारी के माध्यम से ग्रैंड पुरस्कार विजेताओं (या, यदि विजेता नाबालिग प्रतियोगी हैं, तो उनके माता-पिता या क़ानूनी अभिभावक) को प्रतियोगी के ग्रैंड पुरस्कार विजेता के तौर पर चयन के बारे में सूचित करने का हर उचित प्रयास करेगा। यदि ग्रैंड पुरस्कार विजेता (या नाबालिग प्रतियोगियों के लिए, उनके माता-पिता या क़ानूनी अभिभावक) आईएफ़एडब्ल्यू द्वारा सूचित किए जाने के तीन दिन के अंदर आईएफ़एडब्ल्यू को जवाब नहीं देते, तब एक अन्य प्रतियोगी को ग्रैंड पुरस्कार विजेता के तौर पर चुना जाएगा और शुरू में संपर्क किए गए प्रतियोगी को वर्ष 2024 प्रतियोगिता के लिए ग्रैंड पुरस्कार विजेता नहीं माना जाएगा।
- यदि **आई एफ़ ए डब्ल्यू** को ज़रुरत हो, तो सभी फ़ाइनलिस्ट प्रतियोगी, आयु वर्ग में सर्वश्रेष्ठ विजेता, और ग्रैंड पुरस्कार विजेता प्रचार उद्देश्यों के लिए पूर्ण सहयोग करने के लिए सहमत हैं।

<u>जीतने की संभावनाएँ</u>

- भाग लेने के लिए किसी भी खरीदारी, भुगतान, या दान की आवश्यकता नहीं है।
- कोई भी खरीदारी, भुगतान, या दान जीतने की संभावनाओं को नहीं बढ़ाएगा।
- जीतने की संभावना प्राप्त प्रविष्टियों की संख्या और गुणवत्ता पर निर्भर करेगी।

<u>जवाबदेही या उत्तरदायित्व</u>

- इस प्रतियोगिता में भाग ले कर, प्रत्येक प्रतियोगी (या, नाबालिग प्रतियोगियों के लिए उनके माता-पिता या क़ानूनी अभिभावक), **आई एफ़ ए डब्ल्यू, साइट्स**, **यू एन डी पी** और उनकी संबद्ध कंपनियों, मूल कंपनियों, और सहायक कंपनियों, और प्रत्येक के संबंधित अधिकारियों, निदेशकों, ट्रस्टी, सदस्यों, शेयरधारकों, कर्मचारियों, और एजेंटों को लागू क़ानून के तहत स्वीकृत सीमा तक, उन सभी दावों, नुकसान, हर्जाना, लागत, और अन्य ज़िम्मेदारियों से रिहा (रिलीज़) करने और हानिरहित रखने के लिए सहमत होते हैं, जो उनके इस प्रतियोगिता में भाग लेने (विशेषकर, उनकी जमा की गई कलाकृतियों सहित) और यहाँ दिए गए किसी भी पुरस्कार की स्वीकृति से उत्पन्न होते हैं।
- न तो **आई एफ़ ए डब्ल्यू, साइट्स, यू एन डी पी**, और न ही उनकी कोई मूल कंपनियां, सहायक या संबद्ध कंपनियां किसी ऐसी स्थिति, परिस्थिति, नुकसान, विफलता या देरी के लिए ज़िम्मेदार होंगे जो उसके या उनके नियंत्रण से बाहर की घटनाओं के कारण हुए हों जिनकी वजह से प्रतियोगिता बाधित, भ्रष्ट, विलंबित, स्थगित, निलंबित, या रद्द हो सकती है।
- **आई एफ़ ए डब्ल्यू, साइट्स, यू एन डी पी**, और प्रत्येक की संबंधित मूल कंपनियां, सहायक कंपनियां, या संबद्ध कंपनियां, किसी भी खोई हुई, देर से पहुँची, अस्पष्ट, निषिद्ध, ग़लत जगह भेजी गई, क्षतिग्रस्त, अपूर्ण, या ग़लत प्रविष्टियों के लिए उत्तरदायी नहीं हैं।
- **आई एफ़ ए डब्ल्यू, साइट्स** और **यू एन डी पी** इस प्रतियोगिता से किसी भी तरह की छेड़खानी (उदाहरण के लिए, हैकर्स, वायरस, ऑटोमेटिड प्रविष्टि डिवाइसिज़ या अन्य द्वारा) के लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं।

डेटा संग्रहण

- **आई एफ़ ए डब्ल्यू** व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के प्रति बेहद गंभीर है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगियों की जानकारी आईएफ़एडब्ल्यू द्वारा केवल प्रतियोगिता के संचालन के लिए इस्तेमाल की जाएगी।
- इसके अलावा, जो नाबालिग प्रतियोगियों के माता-पिता या अभिभावक (या, प्रतियोगी जो प्रतियोगिता में भाग लेते समय अपने निवास के क्षेत्राधिकार में वयस्कता की आयु से बड़े हैं), प्रविष्टि फ़ॉर्म पर **आई एफ़ ए डब्ल्यू** के शिक्षा कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त करने और/या **आई एफ़ ए डब्ल्यू** ऐक्शन एलर्ट और ईमेल अपडेट पाने का अनुरोध करते हैं जिससे हर जगह जानवरों की सुरक्षा के लिए हो रहे **आई एफ़ ए डब्ल्यू** के काम के बारे में वे सूचित रहें और ताकि **आई एफ़ ए डब्ल्यू** ज़रुरी धन जुटाने का अपना काम जारी रख सके, उन सबको निर्दिष्ट **आई एफ़ ए डब्ल्यू** वितरण सूची (सूचियों) में शामिल किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति जिसने **आई एफ़ ए डब्ल्यू** की वितरण (डिस्ट्रीब्यूशन) सूची (सूचियों) में शामिल होने का अनुरोध किया है, वह **आई एफ़ ए डब्ल्यू** की किसी भी ईमेल में नीचे की ओर दिए गए "अनसब्सक्राइब" लिंक को फ़ॉलो कर किसी भी समय सदस्यता ख़त्म कर सकता है।
- **आई एफ़ ए डब्ल्यू** कैसे और किन तरीकों से प्रतियोगियों या उनके माता-पिता/अभिभावकों से इकट्ठा की गई जानकारी का इस्तेमाल कर सकता है, यह स्थान के आधार पर आईएफ़एडब्ल्यू की गोपनीयता नीति द्वारा तय होता है:
  - o ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले प्रतियोगियों के लिए: https://www.ifaw.org/au/about/legal
  - o कनाडा में रहने वाले प्रतियोगियों के लिए: https://www.ifaw.org/ca-en/about/legal
  - o फ्रांस में रहने वाले प्रतियोगियों के लिए: https://www.ifaw.org/fr/a-propos/legale
  - o जर्मनी में रहने वाले प्रतियोगियों के लिए: https://www.ifaw.org/de/uber/legal
  - o नीदरलैंड्स में रहने वाले प्रतियोगियों के लिए: https://www.ifaw.org/nl/over/privacy-voorwaarden-cookies-ANBI
  - o संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले प्रतियोगियों के लिए: https://www.ifaw.org/about/legal
  - o यूनाइटिड किंगडम में रहने वाले प्रतियोगियों के लिए: https://www.ifaw.org/uk/about/ legal
  - o जो प्रतियोगी ऊपर दिए गए किसी भी देश में नहीं रहते हैं: https://www.ifaw.org/international/about/legal

अन्य महत्वपूर्ण नियम

- सभी प्रतियोगी जो, **आई एफ़ ए डब्ल्यू** की एकमात्र राय में, इनमें से किसी भी नियम या प्रतियोगिता की अन्य शर्तों का उल्लंघन करते हैं, उन्हें प्रतियोगिता से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
- इस प्रतियोगिता में भाग लेकर, प्रत्येक प्रतियोगी (या प्रत्येक नाबालिग प्रतियोगी के माता-पिता या क़ानूनी अभिभावक) स्वीकार करते हैं कि वे उनके स्कूल की गोपनीयता और अन्य नीतियों का पालन कर रहे हैं, जिसमें स्कूल के बाहर छात्र के काम को साझा करने से संबंधित नीतियां शामिल हैं।
- इस प्रतियोगिता में भाग ले कर, प्रत्येक प्रतियोगी (या नाबालिग प्रतियोगी के माता-पिता या क़ानूनी अभिभावक) **आई एफ़ ए डब्ल्यू, साइट्स**, और **यू एन डी पी**, और उनके संबंधित सहयोगियों को प्रतियोगी की जमा की गई कलाकृति (या उसका/उसमें से किसी भी भाग) की प्रतिलिपि बनाने, वितरित करने, सार्वजनिक

रूप से प्रदर्शित करने, प्रकाशित करने, मौलिक कृति के संजात कार्य बनाने, अन्यथा उपयोग करने और (इन इकाइयां द्वारा) अन्य लोगों को कलाकृति की प्रतिलिपि बनाने, वितरित करने, सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने, प्रकाशित करने, मौलिक कृति के संजात कार्य बनाने, अन्यथा उपयोग करने का अधिकार देने के लिए रॉयल्टी-मुक्त, अपरिवर्तनीय, सर्वकालिक, विश्वव्यापी लाइसेंस देते हैं। इस लाइसेंस में कलाकृति (या उसका/उसमें से किसी भी भाग) का किसी भी उद्देश्य के लिए, किसी भी तरह से, और (बिना किसी सीमा के) आईएफ़एडब्ल्यू, साइट्स, और/या यूएनडीपी के प्रकाशन, वेबसाइट, और अन्य प्रचार सामग्री सहित किसी भी मीडिया और व्यापारिक वस्तुओं में उपयोग शामिल है। आईएफ़एडब्ल्यू, साइट्स, और यूएनडीपी छापने से पहले प्रविष्टियों को, जैसा उन्हें उचित लगे, संपादित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

- प्रत्येक प्रतियोगी (या नाबालिग प्रतियोगी के माता-पिता या क़ानूनी अभिभावक, स्वीकृति देते हैं कि उपरोक्त लाइसेंस के तहत दी गई अनुमति के मद्देनज़र, **आई एफ़ ए डब्ल्यू, साइट्स**, या **यू एन डी पी** को किसी भी जमा की गई कलाकृति या लिखित प्रविष्टियों के उपयोग के लिए उनसे कोई अतिरिक्त सहमति लेने, या पहले से सूचित करने की आवश्यकता नहीं है। आईएफ़एडब्ल्यू, साइट्स, और यूएनडीपी अपने विवेकानुसार, जब संभव होगा, प्रतियोगी को श्रेय देंगे।
- इस प्रतियोगिता में भाग ले कर, प्रत्येक प्रतियोगी (या प्रत्येक नाबालिग प्रतियोगी के माता-पिता या क़ानूनी अभिभावक) प्रमाणित करते हैं कि इस प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी न तो अवैध है और न ही उनके अधिकार क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले किसी क़ानून, नियम, संधि या प्रशासनिक अधिनियम का उल्लंघन है।
- महत्वपूर्ण: **आई एफ़ ए डब्ल्यू** प्रतियोगिता के पुरस्कार और नियम और शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जब और जैसे ज़रुरी हो, बिना पूर्व सूचना दिए।

प्रश्न: कृपया art@ifaw.org पर ईमेल करें।